भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
13.12.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1773 का उत्तर

वंदे साधारण रेलगाड़ी

1773. श्री ए. राजा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेलवे ने सामान्यजन के लिए गैर-वातानुकूलित सुपरफास्ट रेलगाड़ी वंदे साधारण रेलगाड़ी का परीक्षण किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इसमें मजदूरों, किसानों आदि जैसे गरीब लोगों के लिए शयनयान और सामान्य श्रेणी की व्यवस्था होगी और इसका किराया एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के बराबर होगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) वंदे साधारण रेलगाड़ियों को किन मार्गों पर शुरू किए जाने का प्रस्ताव है;
(ड) क्या इसमें तमिलनाडु को भी शामिल किए जाने की संभावना है; और
(च) यदि हां, तो इन रेलगाड़ियों को कब तक शुरू किए जाने का विचार है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): भारतीय रेल नवीनतम प्रकार की सेवाएं और चल स्टॉक विकसित करने के लिए निरन्तर प्रयासरत है।

चूंकि, रेल नेटवर्क राज्य की सीमाओं के आर-पार फैला होता है, इसलिए नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार इन सीमाओं के आर-पार रेलगाड़ी सेवाएं शुरू की जाती हैं। बहरहाल, भारतीय रेल में रेलगाड़ी सेवाओं की शुरूआत सतत् प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

*****